

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें
https://dainikyashonnati.com

वर्ष 8+15 अंक 36 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी रविवार 28 मई 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

सिटी एंजेल पब्लिक स्कूल का शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

Shourya Rajoriya 90.00%
Ashi Sahu 92.0%
Mahak Runijha 85.00%
Siddhi Sharma
Toppers of Class 10th
Ashi Singh

छपारा यशोः- नगर में विगत 8 वर्षों से संचालित अंग्रेजी माध्यम का स्कूल सिटी एंजेल पब्लिक स्कूल का कक्षा दसवीं में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम रहा उक्त परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा साथ ही साथ सभी बच्चे फर्स्ट डिवीजन के साथ उत्तीर्ण हुए इन सभी विद्यार्थियों में विद्यालय में प्रथम स्थान आशी साहू पिता विजय साहू ने प्राप्त किया उन्होंने 92त्र अंक अर्जित किए ,दूसरे स्थान पर शौर्या राजोरिया पिता राजेश राजोरिया रही इन्होंने 90त्र अंक अर्जित किए , तृतीय स्थान पर सिद्धि शर्मा पिता ओम नारायण शर्मा एवं पलक रूनिझा पिता निरंजन रूनीझा रही इन्होंने 85त्र अंक अर्जित किए चतुर्थ स्थान पर आशी सिंह पिता सत्येंद्र सिंह रही इन्होंने 84त्र अंक अर्जित किए पांचवे स्थान पर शौर्य चौकसे ने 75प्रतिशत अंक अर्जित किए संस्कार सराठे 68 प्रतिशत मेघराज सैयाम 66प्रतिशत विनीत शरणागत 65प्रतिशत शुभम सोनी 61प्रतिशत अंक अर्जित किए। सभी विद्यार्थियों ने उक्त सफलता के लिए अपने विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को इसका श्रेय दिया साथ ही साथ अपने माता पिता का आशीर्वाद प्राप्त किया 7 इसके पूर्व विद्यालय में कक्षा आठवीं और पांचवी की बोर्ड परीक्षाओं में भी सभी विद्यार्थियों ने सर्वोत्तम परीक्षा परिणाम प्रस्तुत किया कक्षा पांचवी में आशय सोनी 92.5प्रतिशत , गजेंद्र परते 91.7प्रतिशत , अे शा खान 90.5प्रतिशत, अथर्व सोनी 87.7प्रतिशत, आरुषि अवधि 87.5 प्रतिशत बरखा सनोडीया 87. 2 प्रतिशत शिवानी शरणागत 87प्रतिशत , प्राची साहू 85.7प्रतिशत , लजल साहू 85.5 प्रतिशत , भव्या गोंनगे 85.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर के विद्यालय और अपने परिजनों को गौरवान्वित किया। इसी प्रकार कक्षा 8वी में भी बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा अवनी साहू 91प्रतिशत ,बंधन सिंह 91प्रतिशत, आर्या शर्मा 89प्रतिशत , शीतल डहेरिया 88 प्रतिशत , आर्या चौकसे 88 प्रतिशत , सूजल चौरे 87.5 प्रतिशत अंक अर्जित किए।

काफी कम समय में उत्कृष्ट शिक्षा के क्षेत्र में स्थान रखने वाला यह सिटी एंजिल पब्लिक स्कूल तेजी से नई पीढ़ी के बच्चों में लोकप्रिय हो रहा है जिसका कारण है, शिक्षा का बेहतर स्तर उसके साथ ही बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने का यहां पर समय-समय पर अवसर दिया जाता है इसी वजह से नगर में इस स्कूल की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है।

अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह से आधा दर्जन कार बरामद

हरियाणा पंजाब के चार एवं सिवनी से एक आरोपी गिरफ्तार

सिवनी यशोः- सिवनी सहित अलग अलग स्थानों से दुपहिया एवं चौपहिया वाहनों की चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय चोर गिरोह को सिवनी कोतवाली पुलिस ने अपनेकब्जे में लिया है । इस गिरोह के पास से पुलिस को आधा दर्जन कार दो बाइक जप्त करने में सफलता प्राप्त हुई है पुलिस अधीक्षक श्री राम जी श्रीवास्तव ने इस गिरोह के संबंध में पत्रकार वार्ता में खुलासा किया और बताया कि सिवनी पुलिस ने अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

सिवनी के कुरई खवासा, नागपुर के कामठी, वर्धा के जाम से एक-एक कार चोरी करना इस गिरोह ने स्वीकार किया। नरसिंहपुर से टवेरा, पंजाब के नाभा से 2 टवेरा कार, तेलंगाना के आदिलाबाद से 2 टवेरा व नागपुर हाईवे रोड के ढाबे से एक बाइक, बुट्टीबोरी के पास रुई गांव से 1 केटीएम स्पोर्ट बाइक एवं 1 स्पेलेन्डर बाइक, सिवनी के गोपालगंज से 1 वाटर कूलर चोरी करना बताया। बताया गया है कि यह गिरोह एक राज्य से चोरी की गई गाड़ियों को दूसरे में बेचता था सिवनी जिले के वसीम खान नामक व्यक्ति ने भी इस गिराह से 2 टवेरा कार खरीदी थी जिसकी पूछताछ की जा रही है ।

पत्रकार वार्ता में बताया गया है कि 10 मई की रात में सिवनी के हड्डी गोदाम निवासी मो.सलमान पिता निजामुद्दीन खान ने थाना कोतवाली में अपनी कार MP20 FA4156 चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

कोतवाली में अज्ञात चोरें के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पुलिस टीम ने विवेचना के दौरान चोरी हुई कार को हरियाणा के जिला पलवल में मुंडकरी से बरामद किया। यहां से एक आरोपी को गिरफ्तार कर सिवनी लाकर सख्ती से पूछताछ की तो आरोपी टूट गया और उसने बताया कि वह कार चोर गिरोह एक सदस्य है । उसके तार पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र से जुड़े होने के साक्ष्य प्राप्त हुए।

आरोपी हरप्रीत सिंह ने अपने साथियों गुरजेन्टसिंह, गुरुमीत सिंह एवं महिला साथी जसविन्दर के साथ मिलकर सिवनी के हड्डी गोदाम से कार चोरी करना बताया। उसके आधार पर पुलिस टीम द्वारा चोरी में संलिप्त आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से सख्ती से पूछताछ करने पर कुल 9 कार, 3 बाइक व 1 वाटर कूलर चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने हरप्रीति सिंह के बताये अनुसार गुरजेन्ट सिंह पिता जीतसिंह (34) निवासी गुदईया थाना नाभा जिला पटयाल पंजाब,गुरुमीत सिंह पिता गुलमेल सिंह नायक (41) निवासी थाना ओडा जिला सिरसा हरियाणा, हरप्रीत सिंह पिता हरदेव सिंह (19) निवासी अलवर्क थाना भवानीगढ़ जिला समरुट पंजाब, जसविन्दर कौर पति हरदेव सिंह (40) अलवर्क थाना भवानीगढ़ जिला समरुट पंजाब, वसीम पिता नसीम खान (24) निवासी मंगली पेठ सिवनी। (चोरी की कार का खरीदार) को गिरफ्तार किया ।

इस चोर गिरोह पर कार्यवाही सुनिश्चित करने में थाना प्रभारी कोतवाली महादेव नागोतिया, देवेन्द्र जैसवाल, बालमुकुन्द बघेल, श्यामसुंदर तिवारी, नितेश राजपूत, अजय बघेल, महेन्द्र पटेल, विशाल भांगरे, प्रशांत गजभिये, गौरीशंकर राणा, अंकित देशमुख, अमित रघुवंशी, साक्षी, नीतू एवं अनीता का योगदान रहा।

कल सर्किट हाउस सिवनी में सैनिक सम्मेलन का आयोजन

सिवनी यशोः- जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन अमिताभ रावत (सेनि) द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि मंगलवार 30 मई 2023 को ब्रिगेडियर अरूण नायर, सेना मेडल (से.नि.), संचालक राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड की उपस्थिति में 30 मई 2023 को दोपहर 12.30 बजे सर्किट हाउस, सिवनी में भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के सम्मेलन की अध्यक्षता की जाएगी। सम्मेलन के माध्यम से भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं का निदान किया जाएगा। अतः समस्त भूतपूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित उक्त सम्मेलन में उपस्थित कर अपनी समस्याओं का निदान कराएं।

दुराचार के आरोप सरपंच पहुँचे जेल

सिवनी यशोः- जिले की ग्राम पंचायत लुंगसा मैली के सरपंच पर एक महिला ने दुराचार का आरोप लगाते हुये बरघाट थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी इसके पश्चात फरार चल रहे सरपंच को बरघाट थाने ने सिवनी से गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहाँ से उसे शनिवार को जेल पहुँचा दिया गया ।

जानकारी के अनुसार मैली ग्राम की एक महिला अपने बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिये आवश्यक दस्तावेज लेने सरपंच के पास गयी हुई थी । महिला का आरोप है कि इसी दौरान उसे अकेला पाकर सरपंच ने उसके साथ दुराचार किया । घर पहुँचकर महिला ने परिजनों से इस घटना के बारे में बताया परिजनों ने महिला के साथ बरघाट पहुँचकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करायी जिसके पश्चात से ही सरपंच संतोष ग्वालवंशी फरार चल रहा था ।

पीड़िता की शिकायत पर बरघाट थाने में पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है ।

मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी समीक्षा की संयुक्त आयुक्त सहकारिता ने

सिवनी यशोः- सिवनी मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना का कार्य प्रदेश सहित सिवनी जिले में भी काफी तेजी से चल रहा है, सहकारी समितियों का पूरा स्टॉफ अपने सारे कार्य छोड़कर ग्राम ग्राम जाकर किसानों को खोज खोजकर फॉर्म भरवाने की कार्यवाही करवाने में व्यस्त है, जिससे अधिक से अधिक किसान मुख्यमंत्री ब्याज माफी योजना से लाभान्वित हो सकें। इस योजना की समीक्षा करने बीते दिवस 27 मई को शाम 4:00 बजे भोपाल से संयुक्त आयुक्त सहकारिता श्री अभय खरे मुख्यालय जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मुख्यालय सिवनी पहुँचे जहाँ उन्होंने मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना की समीक्षा करते हुए 57 पैक्स समितियों के शासकीय / अशासकीय प्रशासको की बैठक लेकर मुख्यमंत्री ब्याज माफी योजना में निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति में आने वाली बाधाओं के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त सहकारिता जबलपुर, पी.के सिद्धार्थ प्रभारी उपायुक्त अंजुली धुर्वे तथा प्रभारी महाप्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक तुलसी प्रसाद बघेल सहित बैंक एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे।

महाजनसंपर्क अभियान में पूरी ताकत से जुटे कार्यकर्त्ता - संतोष

सिवनी यशोः- भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार सेवा एंव समर्पण कार्य के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण कर रही है। इस अवसर पर भाजपा पूरे देश में महा जनसंपर्क अभियान 30 मई से 30 जून तक चलाने जा रही है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए हमें पूरी सक्रियता से जुटना है। इस आशय की बात भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी श्री संतोष अग्रवाल द्वारा लखनवाडा मंडल के गोपालगंज शक्ति केंद्र एवं खैरी शक्ति केंद्र मे आयोजित भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में कही गई।

श्री अग्रवाल ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार गरीब शोषित एंव वंचितों के कल्याण हेतु कार्य कर रही है। जहां देश का गौरव वैश्विक परिदृश्य में लगातार बढ़ रहा है। वहीं हमारी केन्द्र की सरकार हमारी सांस्कृतिक विरासत को प्राथमिकता के आधार पर संरक्षित करती जा रही है। हमारी केंद्र सरकार आधारभूत संरचना को मजबूत करते हुए नये भारत का निर्माण कर रही है। ऐसी सकारात्मक एंव सुदृढ़ भारत स्थापित होने के सुअवसर पर हमें अपने अपने क्षेत्र में व्यापक जनसम्पर्क प्रांरभ करने की कार्ययोजना को मुर्तरूप देना है। इस महा जनसम्पर्क में सरकार की योजनाओं के लाभार्थी, समाज के विभिन्न वर्गो से सम्पर्क एंव वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से सम्पर्क करने हेतु बूथ स्तर पर कार्यक्रम को सम्पन्न कराने की तैयारीयां करना है। इस जनसम्पर्क अभियान के माध्यम से हम मोदी सरकार की नीतियों एंव उपल्बधियों को जन-जन तक पंहुचायेंगें।

बैठक मे श्री अग्रवाल ने कहा कि, कार्यकर्ता ध्यान रखें कि, सिर्फ वाट्सएप पर सूचना डाल देने से काम नहीं चालेगा , हर सदस्य से फोन पर चर्चा जारूर करें । हमे बूथ के हितग्राहियों से डोर टू डोर सम्पर्क कर उन्हे शासन की योजनाओं की जानकारी देनी होगी। कार्यकर्ता उत्साह, लगन, सक्रियता एवं पूरे विश्वास के साथ करें। इस दौरान बूथ मजबूत कैसे हो इस संदर्भ मैं विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में मंडल महामंत्री बेनीराम चंद्रवंशी ने प्रधानमंत्री के 9 साल उपलब्धियों से परिपूर्ण बेमिसाल कार्यकाल निरूपित करते हुए 30 मई से 30 जून तक चलने वाले कार्यक्रमों की योजना बताई। साथ ही बूथ मिटिंग और 28 मई को मन की बात के बारे में जानकारी दी ।

शक्ति केंद्र की बैठकों में मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष नितेन्द्र (गुड्डू) बघेल ,महामंत्री बेनीराम चंद्रवशी, महामंत्री विनोद यादव, घनश्याम सराठे, सहकार भारती जिलाध्यक्ष, दुर्गेश चक्रवर्ती, युवा अध्यक्ष हरिशंकर साहू सरपंच, मंत्री राजेश अवधिया, गुड्डू दास चंद्रवंशी, देवीसिंह यादव, रामलखन पंचेश्वर, पहलाद चंद्रवंशी, विशाल अवधिया, करनसिंह ठाकुर, संतोष सनोदिया, सुनीता सतनामी, महिला मोर्चा की अध्यक्ष शारदा कश्यप, दिनेश उपाध्याय, सनत बघेल, मनीष मेश्राम, चेतराम सनोडिया मिडिया प्रभारी इत्यादि उपस्थित रहे ।

महाप्रबधंक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी द्वारा मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजनां के जिले में क्रियांवयन हेतु ली गई बैठक

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश शासन द्वारा ÷मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना÷ प्रारम्भ की गयी है, योजनान्तर्गत Establishments (औद्योगिक इकाईयों) द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड (PSSDEGB) द्वारा SCVT निर्धारित कोर्स

जबरन नॉलेज

माया मिली न राम - काका हा हा हा

देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनायी कांग्रेस ने

सिवनी यशोः- स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री, भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस कमेटी कार्यालय में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना जी की उपस्थिति में अखिल भारतीय कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के महामंत्री महेन्द्र सिंह वोहरा ने पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया तथा प्रदेश कांग्रेस अल्संख्यक विभाग के जिला प्रभारी दलवीरसिंह जस्सल जी ने दीपप्रज्जवलित किया एवं उपस्थित सभी कांग्रेस जनों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर जेपीएस तिवारी, विष्णु करोसिया, अतुलचंद मालू, मोहनसिंह ठाकुर, गेंदलाल भलावी, डालचंद बर्वे, निर्मल निखारे, अनीस खान, राजिक अकील, दीवान आजम अली, राजेश मानाठाकुर, सुमित मिश्रा, नब्बू भाई, जोऐब जकी अनवर, अजय मानाठाकुर, टिकेन्द्र देशमुख, एड. मिर्जा फैसल बैग, ठा. जयप्रकाशसिंह परिहार, साजिद सज्जू खान, मोहसिन खान, लाईक पटेल, विक्रम वर्मा, अफसर अंसारी, सुजीद गोदरे, हुकुमचंद सनोडिया, हरिप्रसाद सनोडिया, रहीम शाह, अशफाक खान अश्शू, नदीम खान, गनी खान, शमीम अख्तर, अ. हकीम खान, ईशान खान उपस्थित रहें।

मार्ग निर्माण आमजन की सुविधाओं में मील का पत्थर साबित होगा - दिनेश राय मुनमुन

42 किमी लंबे बंडोल से कोहका मार्ग निर्माण कार्य का हुआ शुभारंभ सांसद एवं भाजपा जिलाध्यक्ष की रही गरिमामय उपस्थिती

सिवनी यशोः- शुक्रवार 26 मई को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन के विधानसभा क्षेत्र की एक अति महत्वाकांक्षी 42 किलोमीटर की सड़क भूमिपूजन बालाघाट सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन के मुख्यातिथ्य में संपन्न हुआ कार्यक्रम के भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण जनसमुदाय एवं भाजपा के कार्यकर्त्ताओं की उपस्थिती रही ।

कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों का फूलमालाओं से गरिमामय स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सभी पार्टीजनों के साथ उक्त सभी स्थानों पर पहुंचकर जायजा लिया तथा निर्माण कार्य के संबंध मे अधिकारियों व ग्रामीणों से चर्चा की इस अवसर पर दिनेश राय मुनमुन ने क्षेत्रवासियों की ओर से यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा की सरकार आमजनों की सुविधा अनुरूप हर क्षेत्र में विकास के आयाम स्थापित कर रही है। जहां सरकार द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं को संचालित कर सीधे आमजनों तक लाभ पहुंचाया जा रहा है वहीं सरकार जनहित में आवागमन को सुगम बनाने तत्पर्य है।

श्री राय ने आगे कहा कि उक्त मार्ग का निर्माण आमजन की सुविधाओं में निश्चित ही मील का पत्थर साबित होगा। तथा अनेकों लाभ होंगे। वर्तमान क्षेत्रीय जनों को लंबी दूरी तय करते हुए अधिकांशतः सिवनी से होकर छिंदवाड़ा जाना पड़ता है। अब इस सुव्यवस्थित मार्ग के निर्माण होने से कम दूरी और समय की बचत के साथ आसानी से छिंदवाड़ा मार्ग से जुड़ा जा सकेगा। श्री राय ने कहा कि बंडलों से ढाना -बांकी, जमुनिया - सागर, चंदौरी - मारबोडी, जाम- कन्हरगांव- कोहका लगभग 42 किलो मीटर सड़क का निर्माण किया जाना है और यह पर्याप्त चौडी रोड होने से आवागमन में सुविधा साथ ही दुर्घटना से बचाव होगा। इस सड़क के बनने से यातायात के दबाव से भी निजात मिलेगी। इसके साथ ही रोजगार उद्योग की संभावनाएं बढ़ेंगी।

इस अवसर पर प्रेम तिवारी जी पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा, श्रीनिवास मूर्ति , काकू बैस, सुमित राय भाजपा मंडल अध्यक्ष बंडोल, दिलीप सनोडिया जी मंडल अध्यक्ष मुंगवानी, राजेश त्रिवेदी जी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, सुरेश सनोडिया, धानसिंह धन्नू बघेल उपसरपंच, काशीराम बघेल, श्रीराम वर्मा, शुभम राजपूत, प्रवीण भारद्वाज, संजू मिश्रा, श्याम मिलन पाण्डेय, सुरेन्द्र शेरु माल्या, भुनेश कुल्हाड़े भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नगर, नितिन साहू मंडल अध्यक्ष भाजयुमो, पप्पू पांडे, अमित पांडे, मुकेश बघेल, निरंजन मिश्रा, राज भगवत पटेल सहित भाजपा के जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्तागणों एवं ग्रामीण जनों की गरिमामय उपस्थिति रही। इसके पश्चात विधायक श्री राय मुनमुन ने ग्राम ढाना (हथनापुर) के जय जगदम्बा उत्सव समिति व क्षेत्रवासियों द्वारा देवी मंदिर प्रांगण में आयोजित मां भगवती सीता कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम मे शामिल होकर कथा वाचक गीता मनीषी पूज्य श्री ब्रह्मचारी निर्विकल्प स्वरुप जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।

भारतीय संस्कारों को अपनाकर भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक हर क्षेत्र में हो रहे हैं सफल

प्रह्लाद सबनानी–

अमेरिकी जनगणना ब्यूरो (यूएस सेंसस ब्यूरो) द्वारा अमेरिका में निवास कर रहे विभिन्न देशों के मूल के अमेरिकी नागरिकों की औसत आय एवं अन्य कई मानदंडो पर जारी की गई जानकारी के अनुसार अमेरिका में भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों की वार्षिक औसत आय 119,858 अमेरिकी डॉलर है, जो अमेरिका में निवासरत समस्त अन्य देशों के मूल के अमेरिकी नागरिकों की औसत आय में सबसे अधिक है।

दूसरे क्रमांक पर ताईवान मूल के अमेरिकी नागरिक आते हैं जिनकी वार्षिक औसत आय 95,736 अमेरिकी डॉलर आंकी गई है। इसी प्रकार चीनी मूल के अमेरिकी नागरिकों की वार्षिक औसत आय 81,497 डॉलर, जापानी मूल के अमेरिकी नागरिकों की वार्षिक औसत आय 80,036 एवं अमेरिकी मूल के गोरे नागरिकों की वार्षिक औसत आय 65,902 आंकी गई है।

इसी प्रकार, गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे अमेरिकी मूल के नागरिकों की संख्या अमेरिका की कुल जनसंख्या का 13 प्रतिशत है, एशिया के समस्त देशों का औसत 10 प्रतिशत है जबकि भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों में केवल 6 प्रतिशत नागरिक ही गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में भी भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों का दबदबा पाया गया है। वर्ष 2021 के जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, 25 वर्ष की आयु की कुल जनसंख्या में से 33 प्रतिशत अमेरिकी मूल के नागरिक स्नातक स्तर तक शिक्षा प्राप्त करते हैं, जबकि भारतीय मूल के 25 वर्ष की आयु के अमेरिकी नागरिकों में 80 प्रतिशत नागरिक स्नातक स्तर की शिक्षा प्राप्त करते हैं। इनमें से 49 प्रतिशत भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों ने व्यावसायिक डिग्री (डॉक्टर, इंजीनियर, प्रबंधन) प्राप्त की थी जबकि अमेरिकी मूल के केवल 13 प्रतिशत नागरिकों ने व्यावसायिक डिग्री प्राप्त की थी।

अमेरिकी मूल के कई नागरिक स्नातक स्तर तक की शिक्षा प्राप्त करने पर भारी खर्च करने के उपरांत भी उच्च आय वाले क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त नहीं कर पाते हैं। जबकि अधिकतर अमेरिकी नागरिकों का सोचना है कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु उन क्षेत्रों को चुना जाना चाहिए जिससे स्नातक डिग्री प्राप्त करने हेतु किए गए खर्च को उच्च निवेश की श्रेणी में परिवर्तित किया जाकर उच्च आय वाले क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त किया जा सके। भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों द्वारा व्यावसायिक डिग्री प्राप्त करते समय उक्त बात पर विचार किया जाता है। इसी कारण से 36 प्रतिशत भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक इंजीनीयरिंग के क्षेत्र में, 35 प्रतिशत गणित एवं कम्प्यूटर साइंस के क्षेत्र में एवं 10 प्रतिशत व्यवसाय एवं प्रबंधन के क्षेत्र में व्यावसायिक डिग्री प्राप्त करते हैं।

कुल मिलाकर, अमेरिका में निवास कर रहे अप्रवासी नागरिकों में से 37 प्रतिशत नागरिक इंजीनीयरिंग, साइंस एवं प्रबंधन के क्षेत्र में व्यावसायिक डिग्री हासिल कर पाते हैं एवं अमेरिकी मूल के 43 प्रतिशत नागरिक परंतु भारतीय मूल के 79 प्रतिशत अमेरिकी नागरिक इन विधाओं में व्यावसायिक डिग्री प्राप्त करते हैं।

अमेरिका में चूंकि उद्योग एवं कृषि के क्षेत्र में रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध ही नहीं हैं अतः अमेरिकी मूल के नागरिक सेवा के क्षेत्र में सबसे बड़ी संख्या में कार्य करते हैं। इन क्षेत्रों में वेतन तुलनात्मक रूप से बहुत कम मात्रा में प्रदान किया जाता है।

अमेरिका में भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों की संख्या अमेरिका की कुल जनसंख्या का केवल एक प्रतिशत है परंतु अमेरिका में प्रारम्भ की जा रही उच्च तकनीकी कम्पनियों के निर्माण में 8 प्रतिशत भागीदारी भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों की है। साथ ही, अमेरिका में प्रारम्भ किए जा रहे कुल स्टार्ट-अप में से 33 प्रतिशत स्टार्ट-अप भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों के सहयोग से प्रारम्भ किए जा रहे हैं।

यह समस्त संस्थान बहुत सफल भी हो रहे हैं। इससे भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों की बिलिनायर्स (100 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की सम्पत्ति) के रूप में संख्या भी तेजी से बढ़ती जा रही है। भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक श्री जय चौधरी की सम्पत्ति 830 करोड़ अमेरिकी डॉलर आंकी गई है, इसी प्रकार श्री विनोद खोसला की सम्पत्ति 530 करोड़ अमेरिकी डॉलर, श्री रोमेश वाधवानी की सम्पत्ति 510 करोड़ अमेरिकी डॉलर, श्री राकेश गंगवाल की सम्पत्ति 400 करोड़ अमेरिकी डॉलर, श्री नीरज शाह की सम्पत्ति 280 करोड़ अमेरिकी डॉलर एवं श्री अनिल भुरसी की सम्पत्ति 230 करोड़ अमेरिकी डॉलर आंकी गई है। यह सूची बहुत लम्बी है।

जब अमेरिका में भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों की उल्लेखनीय सफलता के पीछे कारण खोजने का प्रयास किया जाय तो निम्नलिखित कारण ध्यान में आते हैं।

भारतीय संस्कारों के अनुसार, भारतीय माता पिता अपने बच्चों के लिए अपने हितों का त्याग करते पाए जाते हैं। भारतीय माताएं अपने व्यावसायिक कार्य के प्रति जुनून को अपने बच्चों के हित में त्याग देती हैं। इसी प्रकार, भारतीय पिता अपने व्यवसाय में अपने बच्चों के हित में कई प्रकार के समझौते करते हैं। अतः भारतीय माता पिता के लिय अपने बच्चों का लालन पालन सबसे बड़ी प्राथमिकता बन जाती है। भारतीय माता पिता अपने जीवन के व्यस्ततम पलों में भी सबसे उत्कृष्ट समय अपने बच्चों के विकास पर खर्च करते हैं। भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों द्वारा अपने बच्चों को अमरीका में अभी भी भारतीय संस्कारों के अनुसार ही पाला पोसा जाता है।

भारतीय माता पिता अपने बच्चों में बचपन में ही विश्वास का भाव जगाते हैं। वे स्वयं भी अपने बच्चों पर विश्वास करते हैं एवं उन्हें भी समाज के अन्य वर्गों के प्रति विश्वास करना सिखाते हैं। बच्चों में विकसित किए गए इस विश्वास के चलते माता पिता अपने बच्चों के सबसे अच्छे मित्र बन जाते हैं एवं बच्चे अपने माता पिता के साथ अपने जीवन की समस्त बातों को साझा करने में डरते नहीं हैं।

भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक, अमेरिका में भी संयुक्त परिवार के रूप में एक ही मकान में रहते हैं। इससे इनके पारिवारिक व्यवसाय को विकसित करने एवं तेजी से तरक्की करने में बहुत आसानी होती है। साथ ही, संयुक्त परिवार के रूप में रहने से तुलनात्मक रूप से पारिवारिक खर्चें भी कम होते हैं।

अमेरिका में वैवाहिक जीवन के मामले में भी भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक बहुत संतुष्ट एवं सुखी पाए जाते है। इसे शादी के बाद दिए जाने वाले तलाक सम्बंधी आंकड़ों के माध्यम से आंका गया है। अमेरिका में सबसे अधिक तलाक की दर अमेरिकी काले नागरिकों के बीच 28.8 प्रतिशत है, अमेरिकी गोरे नागरिकों के बीच यह 15.1 प्रतिशत है, परंतु भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों के बीच यह केवल 1.3 प्रतिशत है (हालांकि कुछ सूर्वे में यह 6 प्रतिशत भी आंकी गई है), जो कि समस्त अन्य देशों के नागरिकों के बीच सबसे कम दर है। यह भारतीय संस्कारों का ही परिणाम है।

भारतीय माता पिता अपने बच्चों को भारतीय सामाजिक मान्यताओं से बचपन में ही परिचित कराते है एवं वे अपने बच्चों को अपने नाते रिश्तेदारों एवं जान पहिचान के परिवारों में विभिन्न आयोजनों में भाग लेना सिखाते हैं एवं इनसे सम्बंध स्थापित करना सिखाते हैं। वे अपने बच्चों को, इनकी शादी हो जाने तक, अपने पास ही रखते हैं, बहुत से भारतीय परिवार तो अपने बच्चों की शादी हो जाने के बाद भी इनके परिवार को संयुक्त परिवार के रूप में अपने साथ ही रखना पसंद करते हैं। इससे बच्चों को मानसिक सहयोग प्राप्त होता है एवं वे भारतीय संस्कारों एवं सामाजिक संस्कारों को सीखते हैं।

बचपन में ही, बच्चों को संयुक्त परिवार में रहने की शिक्षा दी जाती है। बच्चे अपने माता पिता के व्यवहार देखकर ही भारतीय संस्कार भी सीखते हैं। इसके ठीक विपरीत अमेरिकी मूल के नागरिक अपने बच्चों को उनकी 18 वर्ष की आयु प्राप्त होते ही अपने से अलग कर देते हैं एवं उन्हें अपना अलग घर बसाना होता है। बच्चे अपने बुजुर्ग माता पिता की देखभाल भी करना पसंद नहीं करते हैं क्योंकि पश्चिम के संस्कार ही कुछ इस तरह के हैं।

भारतीय मूल के अमेरिकी माता पिता अपने बच्चों में बचपन में ही, बच्चों के रुझान को पहचानकर उसी क्षेत्र में उनका कौशल विकसित करते हैं ताकि बच्चे भविष्य में उसी क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकें। साथ ही, भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक अपने बच्चों का पूरा ध्यान रखते हैं एवं बच्चों की गतिविधियों पर भी पूरी नजर रखते हैं ताकि उनके बच्चे किसी गलत राह पर न चल पड़ें। वे अपने बच्चों में बचपन में ही महान सनातन हिंदू संस्कृति, संस्कारों, परम्पराओं एवं विरासत का संवर्धन करते हैं।

भारत में समस्त धर्मों को मानने वाले नागरिक आपस में मिलजुल कर रहते हैं, अतः अमेरिका में भी भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक बहुत संतोषी, शांतिप्रिय, मेहनती, अपने इरादों में पक्के एवं अपनो से बड़ों का आदर करने वाले पाए जाते हैं, वे किसी भी प्रकार के वाद विवाद से अपने आप को दूर ही रखना पसंद करते हैं।

अमेरिका सहित अन्य विकसित देशों में भारतीय मूल के नागरिकों की आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक एवं अन्य क्षेत्रों में अपार सफलता देखकर अब तो पूरा विश्व ही भारतीय संस्कारों को अपनाने के लिए लालायित होता दिखाई देने लगा है।

चंद्रमा में बहुत सारे दोष है परंतु माता सीता में नहीं – निर्विकल्प जी

सिवनी यशोः-चंद्रमा में दुर्गुण है, बहुत से दोष है उसका जन्म गलत जगह से हुआ समुद्र मंथन से निकलने वजह से काल कूट विष के भाई होते है, वह दिन में मलिन हो जाता है अर्थात दिखता ही नही है उस पर कलंक भी है यानी काला धब्बा है, यह घटता बढ़ता है इसमें ग्रहण भी लगता है कमल द्रोही है, कोक पक्षियों के विरह का कारण है।

उक्ताशय की बाते ब्रह्मचारी निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज ने हथनापुर ढाना में चल रही सीता कथा के दौरान कही उन्होंन ने बताया कि जब पुष्प वाटिका में श्री राम लक्ष्मण के साथ अपने गुरुदेव के लिए पुष्प चुनने गए थे और अपनी सखियों के साथ सीता जी गौरी माता की पूजन करने जा रही थी तब राम और सीता जी का आमना- सामना हुआ तो एक दूजे के प्रति मन मे प्रेम का अंकुरण हुआ सीता जी को माता गौरी के पूजन के दौरान मन चाहे वर मिलने का वरदान प्राप्त हुआ वही दूसरी ओर राम जी जब मन की बात अपने गुरुदेव विश्वामित्र को बताई तो गुरुदेव ने भी आशीर्वाद दिया और जब रात्रि में विश्राम के समय राम की आँखों से नींद ओझल हो गयी तब वे चंद्रमा को लगातार निहार रहे थे तब उनके मन मे विचार आया कि सुंदर चंद्रमा और सीता का मुख एक जैसा ही है पर अगले ही पल यह विचार भी आया कि चंद्रमा में तो अनेको दोष है और सीता का चेहरा निष्कलंक है पवित्र है और इसी विचार के साथ बहुत रात्रि बीत जाने के बाद राम जी को नींद आई।

राजपूत क्षत्रिय संगठन द्वारा महाराणा प्रताप जयंती मनाई गई

सिवनी यशोः- राजपूत क्षत्रिय संगठन द्वारा वीर महाराणा प्रताप जी की 484 वी जयंती मनाई गई. इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश पाल सिंह विधायक केवलारी एवं कार्यक्रम के अध्यक्षता दुल्हे सिंह चूणावत सेवा निवृत्त रेंज अधिकारी फारेस्ट ने की. सर्वप्रथम कार्यक्रम में वीर शिरोमणि श्री महाराणा प्रताप एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वल कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई. राजपूत क्षत्रिय सभा सिवनी के अध्यक्ष राजबहादुर सिंह चौहान द्वारा अतिथियों को माल्यार्पण एवं शाल श्रीफल से स्वागत किया गया. महिला विंग की अध्यक्ष श्रीमती वीणा राजपूत एवं सविता गौतम द्वारा भी अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया.

इसके पश्चात कार्यक्रम में सरस्वती वंदना कु. करिश्मा एवं महिमा चौहान द्वारा प्रस्तुत की गई. कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा पूजा की थाली सजाकर लाई गई जिसे पुरस्कृत किया गया. बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस एवं खेलों के माध्यम से सहभागिता निभाई गई. जिन बच्चों ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है उसे संगठन द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया. जिसे समर्थ सिंह गौर, दिव्यांश चौहान, कु. शैलिका शक्रवार, कु. अनन्या चौहान, कु. धनुश्री चौहान, कु. अमोला चौहान खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर कु. समेधा गौर, श्री शैलेन्द्र शक्रवार को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान की गई.

श्रीमती मनीषा चौहान ने वीर शिरोमणि श्री महाराणा प्रताप जी की जीवन पर अपना वक्तव्य दिया गया. राजपूत क्षत्रिय सभा के सचिव प्रदीप वैस द्वारा संगठन का प्रतिवेदन किया गया. कार्यक्रम का संचालन श्रीमती आराधना राजपूत एवं श्री संजय सिंह द्वारा बड़ी कुशलता पूर्वक किया गया. जिसमें उन्होंने वीर शिरोमणि श्री महाराणा प्रताप जी के बारे में प्रश्?न पूछकर कार्यक्रम को उल्लासपूर्ण एवं रोचक बना दिया.

दीप कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राकेश पाल सिंह विधायक केवलारी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा ने सारगर्भित उद्बोधन दिया. कार्यक्रम के अध्यक्ष दुल्हे सिंह चूणावत द्वारा अपने विचार व्यक्त किये गये. कार्यक्रम में अपना आभार व्यक्त करते हुए राजपूत क्षत्रिय सभा के अध्यक्ष राजबहादुर सिंह चौहान द्वारा संपूर्ण कार्यकारिणी एवं राजपूत क्षत्रिय सभा के सक्रिय कार्यकर्ता अरविंद राजपूत, अशोक चौहान, अजय गौतम, श्री शक्रवार, बी.के. सिंह, अविनाश चौहान, राजू नागार्जुन, एवं समस्त उपस्थित क्षत्रिय राजपूत समाज का आभार व्यक्त किया गया. इस कार्यक्रम में संपूर्ण समाज ने अपनी जिम्मेदारी एवं सहभागिता निभायी.

मध्यप्रदेश बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित, सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

प्रदेश के सरस्वती शिशु मंदिरों के 35 भैया-बहिनों ने प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाया

भोपाल। मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने कक्षा 10वी एवं 12वीं की परीक्षा परिणाम घोषित किया। घोषित परीक्षा परिणाम में प्रदेश के सरस्वती शिशु मंदिरों के 35 भैया-बहिनों ने प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाया है। कक्षा दसवी के प्रथम 10 स्थान के लिए घोषित प्रावीण्य सूची में 254 छात्रों में से 21 छात्र सरस्वती शिशु मंदिरों के भैया-बहिन है- कु. आस्था सिंह राजपूत छतरपुर तीसरा, ओमप्रकाश राजपूत सिवनी छटवां, सेजल जघेला मण्डला छटवां, रमन राजपूत छतरपुर सातवां, प्रभावती कुसमारिया पथरिया सातवां, अनुष्का द्विवेदी सतना सातवां, गीतिमा वाजपेयी देवरी आठवां, अंसार खान गौरझामर सागर आठवां, रिशिका द्विवेदी सतना आठवां, विमलेश कुमार बिछियां नौवां, मंहक शिवहरे अनुपपुर नौवां, सोहानी सिहारे चंदेरी नौवां, सागर द्विवेदी अमरपाठन नौवां, कु. आकांक्षा शुक्ला सतना नौवा, किसन शिवहरे सतना नौवा, रिचा मिश्रा रीवा नौवा, संजना पटेल दमोह दसवां रूचि साहू दमोह दसवां, श्रिया मिश्रा सीधी दसवां, प्रकाश कुमार तिवारी सीधी दसवां एवं अनंत साहू मण्डला दसवां स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार कक्षा बारहवी के सभी संकायों में सरस्वती शिशु मंदिर के 14 भैया-बहिनों ने प्रावीण्य सूची में अपना स्थान प्राप्त किया है-

कला समूह- कु. संध्या पाटीदार कालापीपल पांचवा, गणित- वेदांत पटेरिया मोहगांव सातवां, अभिलाष पटेल सतना नौवां, बिरेश कुमार सीधी नौवा, स्नेहा राजपूत छतरपुर दसवां, पुष्पा सेन मण्डी बामौरा दसवां, जीवविज्ञान- पुष्पलता सिंह, सोयतकलां आगर सातवां, कु. काजल मिश्रा सतना नौवां, सुमित तिवारी बैठन सिंगरौली दसवां स्थान वाणिज्य- अमन उसमानी नरसिंहपुर छटवां, दीक्षा खरे रहली सागर आठवां, देव शर्मा विदिशा नौवां, दीपाली चौहान खण्डवा दसवां, कृषि- अमन दांगी बैरसिया पांचवा स्थान प्राप्त किया।

मध्यप्रदेश बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित
सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन
प्रदेश के सरस्वती शिशु मंदिरों के 35 छात्र-छात्राओं ने प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाया

विद्या भारती के मध्यक्षेत्र सचिव विवेक शेंड्ये, सहसंगठन मंत्री आनंदराव, प्रान्त प्रमुख सियाराम गुप्ता, सहप्रान्त प्रमुख शिवानंद सिन्हा महाकौशल प्रान्त, मध्यभारत प्रान्त के निखिलेश महेश्वरी संगठन मंत्री, सचिव शिरामणि दुबे, प्रान्त प्रमुख डॉ. रामकुमार भावसार, सहप्रान्त प्रमुख चन्द्रहंस पाठक, मालवा प्रान्त के संगठन मंत्री अखिलेश मिश्रा, सचिव श्री प्रकाश धनगर, प्रान्त प्रमुख पंकज पंवार, सहप्रान्त प्रमुख सुन्दरलाल शर्मा ने घोषित परीक्षा परिणाम पर हर्ष व्यक्त करते हुए सफल छात्रों को बधाई प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

सी.एम.राईज स्कूल अंजनिया का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत

मंडला। प्राचार्य सी.एम.राईज़ विद्यालय अंजनिया ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2022-23 में कक्षा 10वी एवं 12वी का परीक्षा परिणाम उत्साहजनक रहा। कक्षा 10वी में 90 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की। कक्षा 10वी में 60 छात्र परीक्षा में शामिल हुए जिसमें 39 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए एवं 15 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इसी तरह कक्षा 12वी में 154 छात्रों ने परीक्षा दी जिसमें 139 छात्र उत्तीर्ण हुए। 84 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए एवं 55 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12वी का परीक्षा परिणाम 90.2 प्रतिशत रहा। वहीं कक्षा 12वी साइन्स का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। इस सफलता में सी.एम.राईज विद्यालय अंजनिया के सभी कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यकर्ता वृहद जनसंपर्क अभियान को सफल बनाने में जुट जाएं - विष्णुदत्त शर्मा

प्रदेश अध्यक्ष ने खजूराहो लोकसभा क्षेत्र की बैठक को किया सम्बोधित

भारतीय जनता पार्टी
मध्य प्रदेश

भोपाल। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की केंद्र सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर 30 मई से 30 जून तक खजूराहो लोकसभा क्षेत्र में वृहद जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। कार्यकर्ता विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यो एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचायेंगे। अभियान में व्यापक जनसंपर्क, लाभार्थी संपर्क, समाज के विभिन्न वर्गो से संपर्क, प्रबुद्धजन एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से संपर्क किया जायेगा। पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता इस अभियान को सफल बनाने में पूरी ताकत से जुट जाएं। यह बात पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजूराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने शनिवार को प्रदेश कार्यालय में खजूराहो लोकसभा क्षेत्र के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक को सम्बोधित करते हुए कही। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में प्रदेश शासन के मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह वर्चुअली जुड़े।

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि खजूराहो लोकसभा में स्थित विकास के प्रमुख स्थल जो विकास तीर्थ हैं, ऐसे स्थलों पर स्थानीय विकास से लाभान्वित लोगों के साथ चर्चा की जाएगी। विशाल जनसभा को केंद्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय पदाधिकारी सम्बोधित करेंगे। खजूराहों में 2 जून को पत्रकार-वार्ता का आयोजन कर केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को बताया जायेगा। लोकसभा क्षेत्र में सोशल मीडिया के प्रमुख इंफ्लुएंसर के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि संपर्क से समर्थन वृहद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। व्यापारिक केंद्र पर प्रमुख व्यापारियों के साथ व्यापारी सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 21 जून को योग दिवस के अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ ही आमजन भी कार्यक्रम में शामिल होंगे एवं केंद्र सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियों पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि 23 जून को डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के उद्बोधन को व्यापक रूप में सुनने का आव्हान किया। बैठक में खजुराहो संसदीय क्षेत्र अंतर्गत आने वाले जिलों के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

बड़ी शानो शौकत से मनाया गया हजरत मलंग शाह बाबा का उर्स

S.M.B. दरगाह कमेटी आपका इस्तकबाल करती है
Shot on realme 8
2023.05.23 01:20

छपारा यशोः- हर साल की तरह 22 मई को हजरत मलंग शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैह का उर्स बड़ी शानो शौकत के साथ मनाया जाता है इस वर्ष भी एस एम बी दरगाह कमेटी के द्वारा 21 मई को मिलाद शरीफ कुरानखानी मलंग शाह बाबा की दरगाह में कराई गई एवं 22 मई को 7ः00 से लंगर खाना कराया गया रात्रि 10ः00 बजे से शानदार कव्वाली का कार्यक्रम हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल मुकर्रम वारसी भोपाल एवं रईस अनीश दिल्ली के द्वारा रात भर शानदार कव्वाली के प्रस्तुति दी जिसमें दर्शकों में काफी उत्साह देखा गया ईदगाह के पास मलंग शाह बाबा के दरबार में लगभग 10 हजार लोगों ने हाजिरी देकर कव्वाली का लुत्फ उठाया एस एम बी दरगाह कमेटी के अध्यक्ष मतीन पटेल साहब एवं कमेटी के सभी मेंबरों का इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान रहता है। हजरत मलंग शाह बाबा के 22 मई के कार्यक्रम में सैकड़ों किलोमीटर दूर से लोग उर्स मैं उपस्थिति देने पहुंचते हैं दरगाह कमेटी के द्वारा उन सभी तमाम मेहमानों के लिए लंगर का इंतजाम किया जाएगा जो सराहनीय है ।

दैनिक यशोन्नति

त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन कार्यक्रम घोषित

रिक्त सीटों के लिए 30 मई तक प्राप्त किए जाएंगे नाम निर्देशन पत्र

सिवनी यशोः- राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार पंचायतों के आम / उप निर्वाचन वर्ष- 2023 (पूर्वार्द्ध) अंतर्गत हेतु निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन तथा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने, सीटों के आरक्षण संबंधी सूचना का प्रकाशन एवं मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन 23 जून मंगलवार 23 को कर दिया गया है। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तरीख 30 मई 23 प्रातः 10.30 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 31 मई 23 को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि एवं निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना तथा निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन 02 जून 23 को होगा। मतदान एवं पंच पद की मतगणना 13 जून 23 को होगी।

इसी तरह 17 जून 23 को प्रातः 8 बजे से सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य की विकासखण्ड मुख्यालय पर ईव्हीएम से की जाने वाली मतों की गणना एवं सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्य पद के लिए मतों का सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा एवं जिला पंचायत सदस्य पद के लिए मतों का विकासखण्ड स्तरीय सारणीकरण होगा तथा 19 जून 23 को प्रातः 10.30 बजे से पंच पद की मतदान केन्द्र पर की गई मतगणना का सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा, पंच पद की विकासखण्ड मुख्यालय पर की जाने वाली मतगणना सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा, जिला पंचायत सदस्य पद के लिए मतों का जिला मुख्यालय पर सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा होगी ।

इसी तरह जनपद बरघाट के ग्राम पंचायत धारनाकला एवं केकड़ई, जनपद पंचायत लखनादौन की ग्राम पंचायत, जोगीगुफा एवं आदेगांव, जनपद पंचायत केवलारी की ग्राम पंचायत खामी, सोनखार, मोहबर्रा, सागर एवं सोनाडोगरी तथा जनपद पंचायत सिवनी की ग्राम पंचायत सिहोरा, कोहका पी., पीपरडाही, फुलारा, बम्होड़ी, सिमरिया, सिंघोड़ी, खमरिया (का.), चंदनवाड़ा खुर्द, डोकररांजी तथा जनपद पंचायत घंसौर की ग्राम पंचायत खमदेही में पंच पदों के लिए उप निर्वाचन सम्पन्न होंगे।

सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम अंतर्गत सार्वजनिक शासकीय/ अशासकीय भवनों में नारे लेखन, बैनर-पोस्टर चिपकाना प्रतिबंधित

त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन-2023 (पूर्वार्द्ध) निर्वाचन के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल द्वारा मध्यप्रदेश सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 की धारा 5 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये सिवनी जिले की जिन ग्राम पंचायतों में सरपंच/पंच का निर्वाचन होना हैं ऐसी संबंधित ग्राम पंचायत/वार्ड के निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव प्रचार-प्रसार करने के लिये शासकीय/अशासकीय भवनों में नारे लेखन, बैनर, पोस्टर चिपकाना तथा विद्युत एवं टेलीफोन के खम्बों पर चुनाव प्रचार से सम्बंधित झण्डियों को लगाय जाना प्रतिबंधित किया गया है। अधिनियम की धारा-3 अंतर्गत कोई भी व्यक्ति जो सम्पत्ति के स्वामी की लिखित अनुज्ञा के बिना सार्वजनिक दृष्टि से लगने वाली किसी सम्पत्ति को रंग या किसी अन्य पदार्थ में लिखकर या चिन्हित करके उसे विरूपित करेगा तो दण्डनीय अपराध होगा तथा इस अधिनियम के अधीन दण्डनीय कोई भी अपराध संज्ञेय होगा।

1 जनपद सदस्य, 4 सरपंच और 30 पंचों के रिक्त पदों पर निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी

30 मई फॉर्म भरने की अंतिम तिथि, 13 जून को होगा मतदान

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों के रिक्त पदों के निर्वाचन के लिए निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सिवनी जिले की 4 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं 30 पंचों तथा एक जनपद सदस्य निर्वाचन के लिए संबंधित क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। प्रत्याशी अपने नाम निर्देशन पत्र 30 मई दोपहर 03 बजे तक जमा कर सकते हैं। 31 मई को नाम निर्देशन पत्रों की जांच एवं 02 जून को नाम वापसी के बाद आवश्यक होने पर 13 जून को मतदान कराया जायेगा।

अधिसूचना अनुसार जनपद पंचायत घंसौर अंतर्गत निर्वाचन क्षेत्र 08 जनपद सदस्य पद के लिए तथा जनपद पंचायत बरघाट की ग्राम पंचायत सिंगपुर, लखनादौन की ग्राम पंचायत खूबीरैयात, केवलारी तथा जनपद पंचायत घंसौर के ग्राम पंचायत खजरी में सरपंच पद के लिए निर्वाचन सम्पन्न होने हैं।

चुनावी पंचायत क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील

पंचायत उप निर्वाचन के दृष्टिगत ,जनपद पंचायतों में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

सिवनी यशोः- राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 18/05/2023 को त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2023 (पूर्वार्द्ध) की घोषणा किये जाने के फलस्वरूप सिवनी जिले की जिन ग्राम पंचायतों में सरपंच / पंच का निर्वाचन होना हैं ऐसी संबंधित ग्राम पंचायत/वार्ड के निर्वाचन क्षेत्र में 19 जून 2023 तक की अवधि के लिए आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो चुकी है।

चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल द्वारा सिवनी जिले की जनपद पंचायत बरघाट की ग्राम पंचायत सिंगपुर, धारनाकला एवं केकड़ई, जनपद पंचायत लखनादौन की ग्राम पंचायत केवलारी, खूबी रैयत, जोगीगुफा एवं आदेगांव, जनपद पंचायत केवलारी की ग्राम पंचायत खामी, सोनखार, मोहबर्रा, सागर एवं सोनाडोगरी तथा जनपद पंचायत सिवनी की ग्राम पंचायत सिहोरा, कोहका पी., पीपरडाही, फुलारा, बम्होड़ी, सिमरिया, सिंघोड़ी, खमरिया (का.), चंदनवाड़ा खुर्द, डोकररांजी एवं पाटन तथा जनपद पंचायत घंसौर की ग्राम पंचायत अंडिया, पुटरई, बम्हनी, खजरी तथा खमदेही में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत किसी भी प्रकार अस्त्र-शस्त्र को लेकर चलने एवं विस्फोटकों के परिवहन पर रोक लगाते हुए सभी प्रकार के घातक हथियार व आग्नेय शस्त्रों का प्रदर्शन व उपयोग को तत्काल प्रभाव से पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह प्रतिबंध आगामी आदेश दिनांक 19/06/2023 तक संबंधित ग्राम पंचायत/वार्ड निर्वाचन क्षेत्र में प्रभावशील रहेगा। इसके अलावा आयुद्ध अधिनियम की धारा 17 (3) (ख) के तहत् अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्र निलंबित कर समीपस्थ थानों में जमा कराये जाने के निर्देश दिये गए हैं। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूध्द भारतीय दण्ड संहिता की धारा-188 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है जो आदेश जारी होने की दिनांक से चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने तक के लिये लागू रहेगा। यह आदेश शासकीय/अर्ध्द शासकीय निकायों के सुरक्षा कर्मियों, पुलिस कर्मियों, विशेष पुलिस कर्मियों एवं ऐसे शासकीय अधिकारियों पर लागू नहीं होगा, जिन्हें जिला/स्थानीय प्रशासन अथवा पुलिस प्रशासन द्वारा चुनाव के दौरान शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिये नियुक्त किया गया हो।

निर्वाचन क्षेत्र वाली ग्राम पंचायतों में ध्वनि विस्तारक यंत्र प्रतिबंधित

त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन-2023 (पूर्वार्द्ध) को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल द्वारा निर्वाचन के दौरान प्रचार-प्रसार कार्य में लगे लाउडस्पीकर के अनियंत्रित उपयोग, ध्वनि प्रदूषण व तेज आवाज से लोक प्रशांति को भंग होने से रोकने के लिए मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम-1985 की धारा-18 के अन्तर्गत 19/06/2023 तक की अवधि के लिए सिवनी जिले के जिन ग्राम पंचायतों में सरपंच / पंच का निर्वाचन होना हैं ऐसी संबंधित ग्राम पंचायत/वार्ड के निर्वाचन क्षेत्र को कोलाहल नियंत्रण क्षेत्र (साईलेन्स जोन) घोषित किया है। उपरोक्त उल्लेखित अवधि में सक्षम अधिकारी की लिखित अनुज्ञा के बिना जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबन्धित कर दिया गया है। मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम-1985 की धारा-2 (ध) के अन्तर्गत सिवनी जिले में पदस्थ समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को उक्त अधिनियम के तहत सक्षम अधिकारी घोषित किया गया है।

निर्वाचन प्रयोजनों के लिए आम सभाओं के दौरान किसी भी प्रकार के वाहनों में लगाये गये लाउडस्पीकर या सार्वजनिक अभिभाषण प्रणाली या किसी भी प्रकार के ध्वनि प्रवर्धक का प्रयोग रात्रि में 10.00 बजे से प्रातः 6.00 बजे के मध्य नहीं किया जावेगा अर्थात् किसी भी प्रकार की ध्वनि विस्तार यंत्र के उपयोग की अनुमति प्रातः 6.00 बजे के पूर्व व रात्रि 10.00 के बाद नहीं दी जाएगी। वाहनों से चुनाव प्रचार की अनुमति आवेदन करने पर ही दी जाएगी। वाहन से प्रचार करते समय अनुमति के साथ वाहन का पंजीयन रखना अनिवार्य होगा तथा बिना अनुमति लाउडस्पीकर/ ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग या अनुमति में निर्दिष्ट अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात लाउडस्पीकर / ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग करते पाये जाने की दशा में ध्वनि विस्तारक यंत्र एवं वाहन जप्त कर लिया जावेगा तथा दोषी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेंगी।

डालडा फैक्ट्री की लीजडीड निरस्त

सिवनी यशोः- महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि मेसर्स राजाधिराज इण्डस्ट्रीज प्रा.लि. (डालडा फैक्ट्री) को अर्द्धशहरीय औद्योगिक संस्थान सिवनी में सॉलवेन्ट एस्टेंशन प्लॉन्ट एवं वनस्पति प्लान्ट हेतु आवंटित 8.71 एकड़ भूमि की लीजडीड एवं आंवटन आदेश इकाई विगत कई वर्षो से बंद होने के कारण एवं लीजडीड की कंडिकाओं का उल्लंघन करने के फलस्वरूप 30 दिवसीय नोटिस जारी किया गया था, जिसका कोई जवाब इकाई द्वारा नहीं दिया गया। जिसके फलस्वरूप जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी के महाप्रबंधक श्री आर. एस. उईके द्वारा 25.05.2023 को मेसर्स राजाधिराज इण्डस्ट्रीज प्रा0लि0 की लीजडीड निरस्त कर दी गयी है।

आस्था विश्वकर्मा ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

सिवनी यशोः- एमएलबी की छात्रा आस्था विश्वकर्मा पिता बंसत

विश्वकर्मा ने हाईस्कूल परीक्षा कक्षा दसवी में 500 में से 480 अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती प्रेमीसिंह ने बताया कि कक्षा दसवी की छात्रा आस्था विश्वकर्मा बचपन से ही मेधावी बालिका है।हाईस्कुल परीक्षा की मेरिट सूची में वह मात्र कुछ अंको के कारण पीछे छूट गई उसे 10वीं कक्षा म 96 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। उसने सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल की है आस्था को इस सफलता विद्यालय प्राचार्य श्रीमती प्रेमीसिंह छात्रा के प्रेरणा स्त्रोत शिक्षक श्री राजीव धगट एवं समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओ ने आर्शीवाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

प्रतिष्ठित परिवार के पति एवं सास दहेज हत्या के आरोप से हुए दोषमुक्त

आरोपियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र शर्मा ने की पैरवी

सिवनी। विशेष अपर सत्र न्यायालय द्वारा प्रतिष्ठित परिवार के पति एवं सास को देहज हत्या के मामले में दोषमुक्त किया गया है।

मामला यह था कि आरोपीगणों पर यह आरोप था कि मृतिका को उसके पति सौरभ अग्रवाल एवं उसकी सास श्रीमती मंजू अग्रवाल द्वारा देहज के रूप में उससे आल्टो कार की मांग करके उक्त मांग की पूर्ति के लिए उसे शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित कर उसकी मृत्युपर्यन्त तक उसके साथ क्रूरतापूर्ण व्यवहार किया तथा उक्त क्रूरतापूर्ण व्यवहार अधीन दिनांक 06.11.13 को श्रीमती नम्रता अग्रवाल की कुए में डूबकर संदिग्ध एवं अस्वाभाविक परिस्तिथियों में ऐसी मृत्यु कारित हुई जो कि आरोपीगणों के द्वारा उक्त मृतका की देहज हत्या कारित करने की परिधि में आती है जिस पर कोतवाली थाने में मृतिका के पति सौरभ अग्रवाल एवं सास श्रीमती मंजू अग्रवाल के विरुद्ध धारा 304बी, 498ए, 34 भा. द. सं एवं धारा 3,4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम की विवेचना पूर्ण कर अभियुक्तपत्र न्यायालय में पेश किया गया था।

उक्त प्रकरण का विचारण श्रीमान विशेष अपर सत्र न्यायाधीश सिवनी की न्यायालय में किया गया जहाँ अभियोजन साक्षियों एवं बचाव के साक्षियों तथा उभयपक्ष के तर्कों के उपरांत आरोपीगण की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र शर्मा द्वारा प्रस्तुत न्यायद्रष्ठन्तों के आधार पर माननीय विशेष अपर सत्र नयायधीश द्वारा आरोपी पति सौरभ अग्रवाल एवं सास श्रीमती मंजू अग्रवाल को उनके विरुद्ध लगाए गए आरोप धारा 304बी, 498ए, 34 भा द सं एवं धारा 3,4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के आरोप से दोषमुक्त कर दिया गया।

अपने मित्र की मुसीबत जो अपने ऊपर ले ले वह सच्चा मित्र होता है - सतीश शास्त्री

भैरोगंज में चल रही भागवत कथा में सुदामा चरित्र सुन भावुक हुये श्रोता

सिवनी यशोः- नगर के भैरोगंज कॉलेज रोड उत्कृष्ट विद्यालय के सामने से सेना परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास सतीश कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया। सुदामा जी जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते । गरीबी के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते। संक्षिप्त कथा यह है की चने की पोटली चोरों ने एक निर्धन और भूखी ब्राह्मणी से चुराई थी. चोरों को एक पोठली बंधी मिली, उन्हें लगा वह सिक्कों से भरी पोटली है लेकिन उसमें तो भिक्षा में मिले चने थे। कुटिया में हो रहे आवाज से ब्राह्मणी की नींद खुल गई और उसने देखा कुछ लोग उस कुटिया में घुस आए हैं।ब्राह्मणी ने शोर मचाना शुरू कर दिया, शोर सुनते ही चोर चौकन्ने होकर भागने लगे और गांव वाले उन्हें पकड़ने के लिए उनके पीछे दौड़ें पकड़े जाने के डर से वे सभी चोर गांव के निकट स्थित संदीपन मुनि के आश्रम में आ छिपे, जहां भगवान कृष्ण और सुदामा शिक्षा ग्रहण करते थे।गुरुमाता को ऐसा आभास हुआ कि उनके आश्रम में कोई घुस आया है। गुरुमाता को आता देख सभी चोर पोटली छोड़ वहां से भाग गए। वहीं दूसरी ओर वह ब्राह्मणी भूख से बिलख रही थी। भूखे पेट उसने यह श्राप दिया कि जिसने भी उसकी पोटली के चने चखे वह भी दरिद्र हो जाएगा। गुरुमाता जब आश्रम की साफ-सफाई कर रही थीं, तब उन्होंने वह चने की पोटली गिरी हुई देखी। जब भगवान कृष्ण और सुदामा जंगल में घास काटने जा रहे थे तब गुरुमाता ने उन्हें वही चने की पोटली दे दी, ताकि जब भूख लगे तो वे ये खा लें। जैसे ही सुदामा ने वह पोटली अपने हाथ में ली, उन्हें समझ आ गया कि इन चनों के साथ श्राप जुड़ा है। सुदामा ने सोचा कि अगर श्रीकृष्ण ने यह चने ग्रहण किए तो सारी सृष्टि ही गरीब, दरिद्र हो जाएगी। इस विचार के साथ उन्होंने ये सारे चने खुद ही खा लिए और श्रीकृष्ण को उसमें से कुछ नहीं दिया। इस तरह दरिद्रता का श्राप सुदामा जी ने अपने सिर ले लिया और वासुदेव को उससे मुक्त किया।

पत्नी सुशीला सुदामा जी से बार बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश हैं उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर दें। सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है। कृष्ण यह सुनकर नगे पैर दौडकर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते । उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सिंघासन पर बैठाकर कृष्ण जी सुदामा के चरण धोते हैं। सभी पटरानियां सुदामा जी से आशीर्वाद लेती हैं। सुदामा जी विदा लेकर अपने स्थान लौटते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते हैं लेकिन सुदामा जी अपनी फूंस की बनी कुटिया में रहकर भगवान का सुमिरन करते हैं। अगले प्रसंग में शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। तक्षक नाग आता है और राजा परीक्षित को डस लेता है। राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण भगवान के परमधाम को पहुंचते है। इसी के साथ कथा का विराम हो गया। आयोजन समिति के सदस्य श्रीमति पारूल से सेना अहान से सेना बेनी माधव से सेना श्रीमति माया से सेना एवं समस्त कायस्थ परिवार ने बताया कि 27 मई दिन षुक्रवार को सुबह 9 बजे से हवन यज्ञ होगा इसके उपरांत विशाल भण्डारे का आयोजन होगा जिसमें सभी भक्तजन प्रसाद ग्रहण करेंगे। श्रीमद भागवत कथा के सातवे दिन श्रीकृष्ण के रूप में ऋशिता निगम सुदामा की भूमिका में मनोज तिवारी और रूक्मणी के रूप में प्रार्थना श्रीवास्तव रही।

28 को राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग का दौरा

मंडला यशोः- कार्यालय कलेक्टर से प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जनजाति बाहुल्य जिलों में बच्चों के अधिकारों के हनन के संबंधित शिकायतों की प्राप्ति एवं जोखिमग्रस्त परिवारों एवं बच्चों को शासकीय योजनाओं से जोड़ने के संबंध में कैम्प/बैच के आयोजन के क्रम में जिला-मण्डला में 28 मई 2023 को आयोग कैम्प/बैंच का आयोजन किया जाएगा। उक्त कैम्प/बैंच के आयोजन के संबंध में एडीएम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

कौशल उन्नयन प्रशिक्षण के लिए आवेदन 30 जून तक आमंत्रित

मंडला यशोः- जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि हाथकरघा एवं हस्तशिल्प क्षेत्रों के लिए कौशल एवं तकनीकि विकास योजना 2021 अंतर्गत मंडला जिले के बुनकरों एवं शिल्पियों, स्व-सहायता समूहों, बुनकर सहकारी समितियों, मास्टर उद्यमियों से वर्ष 2023-24 के लिए कौशल उन्नयन प्रशिक्षण के लिए 30 जून 2023 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग अधिकारी जिला पंचायत मंडला 8989723206 से संपर्क कर सकते हैं।

परिवार और समाज की खुशी के लिये कार्य करना चाहिये - निर्विकल्प जी

भगवान राम की बाल लीलाओं का सुंदर वर्णन किया सीता कथा के दौरान

सिवनी यशोः- प्रातःकाल उठकर माता-पिता-गुरु को प्रणाम करने से

आयु, विद्या, यश और बल की वृद्धि होती है। उक्ताशय की बात ब्रह्मचारी निर्विकल्प स्वरूप जी ने हथनापुर ढाना में चल रही सीता कथा के दौरान प्रवचन में कही, कथा में आज माता सीता के जन्म की कथा का वर्णन करते हुये जन्मोत्सव मनाया गया कथा स्थल को भव्य रूप से सुसज्जित किया गया, कथा मे ब्रह्मचारी ने भगवान् राम की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि- भगवान् का जन्म विप्र, धेनु, सुर और संतों की रक्षा के लिए होता है, लोकमंगल के लिये होता। भगवान कुछ बड़े हुए फिर गुरुकुल पढ़ने के लिए गए और वहाँ अल्प काल में ही सारे वेद शास्त्र का अध्यायन कर लिये। सारे भाईयों के साथ भगवान् भोजन करते थे,भगवान् अपने माता, पिता की आज्ञा का पालन करते थे, जिस से नगर वासी प्रसन्न हों वही-वही काम करते। ये सब लीलाओं से हमें शिक्षा मिलती है, हमको भी ऐंसा करना चाहिए, अपने भाईयों के साथ माता पिता के साथ के साथ बैठकर भोजन करना चाहिए, उससे प्रेम बढ़ता है, बड़े, बूढों का संग करना चाहिये । जो श्रेष्ठ हों उससे शिक्षा लेना चाहिये, ओर शिक्षा लेकर छोटों को सिखाना चाहिये, अपने परिवार को भी सुखी करना चाहिये । इतना ही नहीं भगवान् प्रातः काल उठकर माता-पिता और गुरु को प्रणाम करते थे, तो हमें भी प्रातःकाल उठकर माता, पिता ओर गुरु को प्रणाम करना चाहिए अपने से बड़ों को प्रणाम करने से चार चीजें बढ़ती हैं । आयु, विद्या, यश और बल बढ़ता है जिसको आयु, विद्या, यश और बल बढ़ना हो वो माता-पिता और गुरु को प्रातः काल उठकर प्रणाम करे ।

जल शक्ति अभियान के तहत संयुक्त सचिव चावला का जिले में भ्रमण

सिवनी यशोः- जल शक्ति अभियान हेतु भारत सरकार के सयुंक्त सचिव श्री गुरमीत सिंह चावला एवं वैज्ञानिक श्री चितरंजन बिसवाल जल शक्ति अभियान अंतर्गत जल स्त्रोतों की निश्चतता हेतु जिले के 2 दिवसीय दौरे पर पहुंचकर जनपद पंचायत सिवनी की ग्राम पंचायत मानेगांव में किये गये वृक्षारोपण एवं निर्मलनीर का निरीक्षण किया जनपद पंचायत छपारा में ग्राम पंचायत बीजादेवरी में निर्मित किये गये अमृतसरोवर एवं ग्राम पंचायत चमारी में आईएस द्वारा निर्मित स्टोरेज बियर का भी निरीक्षण किया । इसी प्रकार जनपद पंचायत कुरई अंतर्गत ग्राम पचांयत आमगांव एवं सुकतरा का भ्रमण किया भ्रमण के दौरान अमृत सरोवर, चैक डेम, स्टाप डैम, सुकतरा में निर्मित नर्सरी का भ्रमण किया भ्रमण के दौरान नर्सरी के संचालन से जुड़ी स्वसहायता समूह की महिलाओं से चर्चा की चर्चा के दौरान स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा निर्मल नीर की मांग की गई जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमति निधि सिंह राजपूत द्वारा तत्काल स्वीकृति के निर्देश दिये ।

आदि उत्सव का हुआ भव्य शुभारंभ, विधानसभा अध्यक्ष गोवा एवं केन्द्रीय मंत्री हुए शामिल

मंडला यशो:- रामनगर में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले आदि उत्सव का 27 मई को भव्य शुभारंभ हुआ। शुभारंभ कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष गोवा रमेश तावड़कर मुख्य अतिथि थे। उनके साथ केन्द्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री विश्वेश्वर टुडू भी शामिल हुए। पहले दिन के आयोजन के दौरान रामनगर में जमकर बारिश शुरू हो गई, यही नहीं काफी देर तक कंचे के आकार के ओले भी गिरे जिससे कार्यक्रम के लिए बनाया गया डोम क्षतिग्रस्त हो गया। रामनगर पुल की रैलिंग तेज हवाओं के कारण टूट गई।

वहीं केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते ने कार्यक्रम के स्वागत संबोधन में कहा कि आदि उत्सव मंडला जिले सहित आदिवासी जिलों की संस्कृति का परिचय कराने वाला महोत्सव है। उन्होंने उत्सव में शामिल होने वाले आसपास के जिलों, प्रदेश तथा राष्ट्रीय स्तर के लोक कलाकारों एवं प्रतिनिधियों का मंच से स्वागत किया। श्री कुलस्ते ने अलग-अलग स्थानों से पहुंचे राजवंशीय परिजनों के प्रतिनिधियों का भी स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने अपने संबोधन में 2 दिवसीय आदि उत्सव के दौरान होने वाली अलग-अलग गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा की जानकारी दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष गोवा रमेश तावड़कर ने अपने संबोधन में कहा कि गोवा में भी जनजातीय संस्कृति को परिचय कराने वाले कार्यक्रम का विगत कई वर्षों से आयोजन हो रहा है। रामनगर का यह कार्यक्रम मंडला सहित राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुका है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य तथा राजनीति के क्षेत्र में बेहतर करने वाले जनजातीय समाज के प्रतिनिधियों को अपने समाज के उत्थान में योगदान देने की अपील की। केन्द्रीय जनजातीय कार्यमंत्री विश्वेश्वर टुडू ने केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जाने वाली जनजातीय कल्याण की योजनाओं एवं नीतियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आदि उत्सव भावी पीढ़ी को आदिवासी समाज की भाषा, संस्कृति तथा परंपराओं को सीखने, समझने तथा आत्मसात करने में बखूबी सहयोग करेगा एवं महत्वपूर्ण साबित होगा।

ध्वज स्थल का वंदन, प्रदर्शनी का अवलोकन

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष गोवा रमेश तावड़कर ने गोंडवाना साम्राज्य के गौरवशाली इतिहास के प्रतीक ध्वज स्थल पर पूजन कर एवं ध्वज आरोहण कर किया। इसके पश्चात अतिथियों ने आयुष एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क उपचार एवं परीक्षण के लिए लगाए गए शिविर का अवलोकन किया। साथ ही विभिन्न विभागों के स्टॉल्स को भी देखा। मंच से सभी अतिथियों का पारंपरिक मुकुट एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। मंच से अतिथियों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जीवन पर आधारित पुस्तिका का विमोचन किया।

पारंपरिक धुनों पर थिरके अतिथि

आदि उत्सव में मंडला, डिंडौरी, सिवनी तथा अन्य स्थानों से आए लोक कलाकारों ने लोकनृत्य एवं वाद्ययंत्रों की आकर्षक प्रस्तुति से उपस्थित अतिथियों एवं जनमानस को प्रभावित किया। अतिथि भी मंच से उतरकर कलाकारों के दल में शामिल हुए तथा मांदर, टिमकी, बांसुरी, नगाड़े जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुनों पर थिरकने से खुद को रोक नहीं पाए। अतिथियों ने लोक कलाकारों का उत्साहवर्धन किया एवं परिचय भी प्राप्त किया। कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद संपतिया उईके, विधायक मंडला देवसिंह सैयाम, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश तेकाम, पूर्व विधायक रामप्यारे कुलस्ते, पंडित सिंह धुर्वे एवं तुलसीराम धूमकेती, समाजसेवी भीष्म द्विवेदी, अनुराग चौरसिया, सुधीर कसार तथा बड़ी संख्या में जनमानस उपस्थित था।

राजपरिवारों के प्रतिनिधियों का पारंपरिक स्वागत

2 दिवसीय आदि उत्सव के दौरान देशभर के अलग-अलग स्थानों पर शासन करने वाले जनजातीय राज परिवारों के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया था। शुभारंभ कार्यक्रम में हर्राई जागीर के राजा कमलेश प्रताप शाह तथा कामिनि शाह, मदनपुर ढिलवार के कुंवर भीष्मशाह तथा कुंवर तिलकशाह, भंडारा महाराष्ट्र के राजा नितेश प्रताप सिंह, सरेखा के ठाकुर पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, मर्राई के निर्मलशाह, माहुलझिर जागीर के ठाकुर रोहितभान शाह, झिरिया इमलई के बालबहादुर सिंह, सुंदरपुर के त्रिलोक सिंह तथा मछेरा के गनपतशाह शामिल हुए। केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते सहित जनप्रतिनिधियों ने राजवंशीय परिजनों का परंपरागत माला, मुकुट एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने प्रथम दिवस के शुभारंभ कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त किया।

समापन दिवस पर संगोष्ठियाँ एवं सम्मान

2 दिवसीय आदि उत्सव का समापन आज 28 मई की शाम को होगा। समापन दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि केन्द्र सरकार के जनजातीय कार्य राज्यमंत्री विश्वेश्वर टुडू होंगे। इस दिन म.प्र. सरकार की जनजातीय कार्यमंत्री मीनासिंह मांडवे भी शामिल होंगी। समापन दिवस के अवसर पर प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक गोंडकालीन राजा एवं जनजातीय महापुरूषों के इतिहास, पुरातत्व एवं विकास पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन होगा। इस संगोष्ठी में इंदिरा गांधी जनजातीय विश्वविद्यालय, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के विद्वान, स्थानीय विशेषज्ञ तथा अलग-अलग क्षेत्र के जानकार शामिल होंगे। दोपहर 1 बजे से 1.30 बजे तक अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा। दोपहर 3 से 5 बजे तक लोक कलाकारों की प्रस्तुति होगी। शाम 5 बजे सांस्कृतिक महासंगम के पर्व आदि उत्सव का समापन होगा।

प्राथमिक विद्यालय लमना में आपातकालीन सौर लालटेन वितरित किए

मंडला यशो:- क्लब महिंद्रा कान्हा, कान्हा के सम्मोहक परिवेश में स्थित एक प्रसिद्ध रिसॉर्ट, ने आपातकालीन सौर लालटेन वितरित करके सरकारी प्राथमिक विद्यालय लमना के छात्रों का समर्थन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। वितरण कार्यक्रम आज स्कूल परिसर में रंजीत रंजन (रिसॉर्ट मैनेजर), जुबेर अहमद (एचआर मैनेजर), समसुद्दीन कुरैशी, शेफ अवधेश, नीरज मोंगा, करुण डोगरा की उपस्थिति में आयोजित किया गया। सुशील कांडी, जितेंद्र, और भोपाल राम शामिल रहे। शिक्षा के महत्व और सीखने की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने में उचित प्रकाश व्यवस्था की भूमिका को स्वीकार करते हुए, क्लब महिंद्रा कान्हा ने सरकारी प्राथमिक विद्यालय लमना के सभी छात्रों को आपातकालीन सौर लालटेन के वितरण की पहल की। इन सौर लालटेनों का उद्देश्य प्रकाश के एक विश्वसनीय स्रोत के रूप में काम करना है, यह सुनिश्चित करते हुए कि छात्र बिना किसी बाधा के अपनी शिक्षा जारी रख सकते हैं, यहां तक कि बिजली आउटेज या बिजली तक सीमित पहुंच वाले क्षेत्रों में भी।

TOGETHER WE CAN
MAKE A DIFFERENCE

राजकीय प्राथमिक विद्यालय लमना के प्राचार्य जानकी प्रसाद ने क्लब महिन्द्रा कान्हा की इस सोची समझी पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने सकारात्मक प्रभाव पर जोर दिया कि इन आपातकालीन सौर लालटेनों का छात्रों के जीवन पर प्रभाव पड़ेगा, जिससे वे अध्ययन करने, अपना गृहकार्य पूरा करने और प्रकाश की निर्बाध पहुंच के साथ अपनी शैक्षिक यात्रा को बढ़ाने में सक्षम होंगे। श्री प्रसाद ने छात्रों का समर्थन करने और सीखने के लिए अनुकूल माहौल बनाने की प्रतिबद्धता के लिए क्लब महिंद्रा कान्हा की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया।

वितरण कार्यक्रम में रंजीत रंजन, जुबेर अहमद, समसुद्दीन कुरैशी, शेफ अवधेश, नीरज मोंगा, करुण डोगरा, सुशील कांडी, जितेंद्र, और भोपाल राम की उपस्थिति ने प्रदर्शित किया समुदाय में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए क्लब महिंद्रा कान्हा का समर्पण और सामूहिक प्रयास। इन प्रतिनिधियों ने रिसोर्ट की सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया और शिक्षा के महत्व और सभी के लिए समान अवसरों पर जोर दिया। उन्होंने स्थानीय समुदाय की भलाई और विकास को बढ़ावा देने वाली पहल का समर्थन जारी रखने का संकल्प लिया। राजकीय प्राथमिक विद्यालय लमना में आपातकालीन सौर लालटेन का वितरण क्षेत्र में सतत विकास, शिक्षा और सशक्तिकरण के क्लब महिंद्रा कान्हा के दृष्टिकोण के अनुरूप है। इस तरह की पहलें ब्रांड द्वारा संचालित समुदायों में सार्थक अंतर लाने के लिए चल रही प्रतिबद्धता का उदाहरण देती हैं।

परस्पर समन्वय से करें काम, उत्कृष्ट टीम को मिलेगा इनाम - डॉ. सिडाना

वनाधिकार अधिनियम के अंतर्गत लम्बित दावों के निराकरण के लिए आयोजित संयुक्त कार्यशाला आयाजित

मंडला यशो:- डाईट मंडला के सभागार में वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत लम्बित दावों के निराकरण के लिए पंचायत, राजस्व एवं वन विभाग की संयुक्त कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना, जिला पंचायत सीईओ रानी बाटड, एडीएम मीना मसराम, उपसंचालक वन, डीएफओ ईस्ट, डीएफओ वेस्ट, संयुक्त संचालक बफर एवं पंचायत, राजस्व तथा वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। संयुक्त कार्यशाला में ग्राम पंचायत स्तर पर राजस्व एवं वन विभाग के अमले की संयुक्त टीम गठित की गई एवं उनके दायित्वों की जानकारी दी गई।

कार्यशाला में वनाधिकार अधिनियम के अंतर्गत लम्बित दावों का सर्वे, मान्यता एवं निराकरण संबंधी दिशा-निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी गई। कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत, राजस्व एवं वन विभाग का अमला लम्बित दावों के सर्वे एवं निराकरण के लिए समन्वय के साथ काम करें। उत्कृष्ट काम करने वाली टीम को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार प्रकरणों के अधिक से अधिक निराकरण करने वाली टीम भी सम्मानित होगी। डॉ. सिडाना ने कहा कि जनजातीय हितों से जुड़े इस कार्य को अत्यंत गंभीरता से लें।

केन्द्रीय मंत्री के गृहग्राम में रिश्वत लेते पकडाई सरपंच

मंडला यशो:- जबलपुर लोकायुक्त ने मंडला जिले में रिश्वतखोरी मामले में एक बार फिर बडी कार्रवाई की, केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते के गृहग्राम जेवरा में लोकायुक्त ने महिला सरपंच को 20 हजार रूपए लेते रंगे हाथ पकडाई है, मंडला जिले में एक सप्ताह के भीतर यह तीसरी बडी कार्रवाई है। दरअसरल पूरा मामला यह है कि जनकल्याणकारी संबल योजना के तहत ग्राम जेवरा निवासी चरखी बाई पति की मौत हो जाने पर महिला को संबल योजना के तहत राशि मिलना था, उसके एवज में पंचायत की महिला सरपंच राजकुमार कुलस्ते ने 20 हजार रूपए की रिश्वत मांगी थी, जिसके बाद पीडित महिला ने मामले की शिकायत लोकायुक्त जबलपुर में की, शिकायत पर लोकायुक्त पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से महिला सरपंच के घर में दबिश दी, जहां आरोपी महिला सरपंच को रंगे हाथों रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया, फिलहाल लोकायुक्त पुलिस आरोपी महिला सरपंच से मामले में पूछताछ कर रही है। सुरेखा परमार उप पुलिस अधीक्षक निरीक्षक सुश्री रेखा प्रजापति ,निरीक्षक नरेश बहरा एवं अन्य टीम के सदस्य का योगदान रहा।

नगरीय निकायों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का योजनाबद्ध प्रयास करें - कलेक्टर

समीक्षा बैठक में कलेक्टर के निर्देश

मंडला यशो:- नगरीय निकायों में संचालित गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि नगरीय निकायों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का योजनाबद्ध प्रयास करें। आमजन को स्वच्छता का महत्व बताते हुए उन्हें अपने घर, मोहल्ला एवं नगर को स्वच्छ बनाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रेरणास्पद गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक कलेक्टर अर्थ जैन, समस्त नगरपालिका अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

कलेक्टर डॉ. सिडाना ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए मानकों के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि कहीं भी कचरा फैला न रहे, वार्डों की नियमित सफाई कराएं। व्यवसायिक क्षेत्रों में विशेष ध्यान दें। प्रमुख स्थलों पर डस्टबिन लगाएं। लोगों को गाड़ी में ही कचरा डालने के लिए प्रेरित करें। कचरा गाड़ियों में गीला तथा सूखा कचरा अलग-अलग संग्रहित करने की व्यवस्था बनाएं। इस संबंध में वाहन चालकों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करें। कचरा गाड़ियों में रंग कराएं। विधिवत लॉकबुक संधारित करें। सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई कराएं। नगर के प्रमुख चौराहों तथा मार्गों में स्वच्छता संबंधी पेंटिंग कराएं एवं नारे लिखवाएं। कबाड़ से जुगाड़ की तर्ज में काम करते हुए अनुपयोगी सामग्री को भी उपयोग में लाएं। डॉ. सिडाना ने कहा कि गीले कचरे से खाद बनाने तथा सूखे कचरे के निष्पादन, सीएनडी, एफएसटीपी एवं एमआरएफआदि के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

गतिविधियों के माध्यम से आमजन को जोड़ें

बैठक में कलेक्टर डॉ. सिडाना ने निर्देशित किया कि नगरीय निकायों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए आमजन की सहभागिता नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता संवाद, रंगोली प्रतियोगिता, स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता, खेल गतिविधियाँ तथा स्वच्छता की शपथ जैसी गतिविधियों का आयोजन करें। इन गतिविधियों में प्रत्येक वार्डवासी को जोड़ने का प्रयास करें।

पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाएं

कलेक्टर डॉ. सिडाना ने पेयजल व्यवस्था के संबंध में भी निकायवार जानकारी लेते हुए सुधार के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदाय किए जा रहे जल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। जल छानन संयत्र तथा जल स्त्रोतों के रख-रखाव के संबंध में भी जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्हें समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

आदि उत्सव में मेडिकल कॉलेज जबलपुर के चिकित्सक देंगें सेवाएँ

सिवनी यशो:- 27 एवं 28 मई 2023 को रामनगर में आदि उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 श्रीनाथ सिंह ने जानकारी दी कि इस उत्सव के गरिमामय आयोजन के लिए विभाग की ओर से चिकित्सा व्यवस्था एवं उपकरणों एवं दवाईयों से सुसज्जित एम्बूलेंस उत्सव स्थल पर उपलब्ध रहेगी। जिले के विभिन्न विकासखण्डों के चिकित्सक एवं पेरामेडिकल स्टॉफ अपनी सेवाएं देंगे। इसके साथ ही आने वाले समस्त आमजनों के स्वास्थ्य में कोई समस्या या परेशानी होने पर उन्हे किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए मेडिकल कॉलेज जबलपुर से केंसर, मेडिसिन, सर्जरी, गायनिक, चर्मरोग, कान, नाक, गला, न्यूरोलॉजी, मनोविज्ञान, शिशुरोग, नेत्र, कार्डियोलॉजी, अस्थिरोग के विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। 27 मई 2023 को 22 विशेषज्ञ चिकित्सक एवं 50 प्रशिक्षु चिकित्सक तथा 28 मई 2023 को 14 विशेषज्ञ चिकित्सक एवं 50 प्रशिक्षु चिकित्सक आदि उत्सव में अपनी संवाएं देंगे।

28 मई को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग का शिविर

मंडला यशो:- भारत सरकार के राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगों 28 मई मण्डला जिले के योजना भवन में बाल अधिकार संरक्षण की बेंच/शिविर लगाकर बाल अधिकारों के हनन व संरक्षण के संबंध में शिकायतों को सुनकर उनका निराकरण करेंगे। साथ ही बच्चों के अधिकार, बाल विवाह रोकने, शिक्षा से जोड़ने, नशामुक्ति के संबंध में जनमानस से चर्चा कर रूपरेखा तैयार की जाएगी।

जिला प्रशासन द्वारा जिले के नागरिकों से राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग मण्डला के योजना भवन में 28 मई को प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित शिविर में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर लाभ लेने की अपील की गई है। शिविर में घरेलू श्रम के रूप में खतरनाक व्यवस्था में बाल श्रम को लगाना, देय राशि का भुगतान न करना, बचाए गए बाल श्रम का प्रत्यावर्तन, बच्चा सड़क पर उत्पाद बेच रहा है, एसिड अटैक से संबंधित मामले, माता-पिता, अभिभावकों, अन्य व्यक्ति के साथ सड़कों पर भीख मांगना, शारीरिक शोषण, हमला, परित्याग, उपेक्षा, घरेलू हिंसा का शिकार बच्चा, एच.आई.वी. स्थिति के आधार पर बच्चे के साथ भेदभाव, बच्चे को पुलिस ने पीटा, सी.सी.आई. में बच्चें के साथ दुर्व्यवहार, अवैध गोद लेना, सी.सी.आई. द्वारा एक बच्चे की बिक्री, बच्चे की बिक्री, बच्चों के खिलाफ हिंसा आदि से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की जाएगी। शिविर के आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग मण्डला के जिला कार्यक्रम अधिकारी को लाईजनिंग ऑफीसर नियुक्त किया हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया है कि आयोग की बेंच में सुनवाई के लिये प्रातः 9 बजे से पंजीयन प्रारंभ होगा।

मुख्यमंत्री उद्यमी क्रांति योजना व स्वरोजगार योजना का जागरूकता शिविर संपन्न

मंडला यशो:- मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीजाडांडी एवं कार्यालय की सहायक प्रबधंक रेखा चौरसिया की उपस्थिति में मुख्यमंत्री उद्यमी क्रांति योजना व स्वरोजगार योजना का जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सहायक प्रबधंक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र मण्डला रेखा चौरसिया द्वारा बेरोजगार युवक युवतियों को स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु उपस्थित 74 युवक एवं युवतियों का पंजीयन किया जाकर उचित मार्गदर्शन प्रदाय किया गया।

रेखा चौरसिया द्वारा म.प्र. शासन की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना की विस्तार से जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री उद्यमी क्रांति योजना अंतर्गत स्वयं का उद्योग के लिए 50 हजार से 50 लाख तक ऋण एवं सेवा क्षेत्र एवं व्यवसाय हेतु 50 हजार से 25 लाख तक ऋण ले सकते हैं। योजनार्तगत 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान सी.जी.टी. एम.एस.ई. अतंर्गत बैंक गारंटी का प्रावधान है। साथ ही प्रधानमंत्री रोजगार योजनांतर्गत 50 हजार से 50 लाख तक उद्योग हेतु एवं सेवा क्षेत्र 50 हजार से 20 लाख तक ऋण का प्रावधान है जिसमें 15 से 35 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान है तथा हितग्राही का 5 से 10 प्रतिशत स्वयं का अंशदान लगाने का भी प्रावधान है।

ड्राइविंग लायसेंस कैम्प में 40 लायसेंस वितरित

मंडला यशो:- प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय अंजनिया ने बताया कि विद्यालय में छात्राओं के लिए निःशुल्क लर्निंग लाइसेंस बनवाने हेतु कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय मंडला के अधिकारियों के द्वारा महाविद्यालय के लगभग 40 छात्र-छात्राओं को लर्निंग लाइसेंसों का वितरण किया गया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा, नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297